## सार-समाचार

### मोहन कुमार मंगलम फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**उदयपुर, (कासं)।** 45 वें अखिल भारतीय मोहन कुमार मंगलम हिन्द जिंक फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज़ जावर माइंस मजदूर संघ एवं वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक की मेजबानी में 18 से 27 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट जावर के एमकेएम स्टेडियम में शनिवार से भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं प्रसिद्ध भारतीय पेशेवर फुटबॉलर और आई-लीग 3 में डायमंड हार्बर एफसी के वर्तमान डिफेंडर राजू गायकवाड़, हिन्दुस्तान जिंक के सीएफओ संदीप मोदी,सीएचआरओ मुनीश वासुदेव, सीईओ एसिड बिजनेस कार्तिक एस एवं आयोजन सचिव एवं मजदूर संघ के महामंत्री लालू राम मीणा ने किया। उद्घाटन समारोह में आईबीयू सीईओ- जावर ग्रुप ऑफ माइन्स राम मुरारी एमकेएम फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन सचिव दीपक गखरेजा और कई अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस 10 दिवसीय प्रतियोगिता में 20 हजार से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद है। मेजबान हिंदुस्तान जिंक 11 एवं केएमएसडब्ल्यूसी फुटबॉल क्लब मणिपुर के बीच खेला गया। मैच आयोजन पूर्व स्टेडियम के बीच में एक मनमोहक झांकी का प्रदर्शन किया गया जिसके साथ स्कूली बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गयी। प्रतियोगिता का आयोजन विगत 45 वर्षो से मजदूर संघ व हिंदुस्तान जिंक मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान से किया जा रहा है जो की बहुत बड़ी उपलब्धि है। गौरतलब है कि उद्घाटन मैच मेजबान टीम के साथ होने से स्टेडियम में हजारों की संख्या में दर्शन गण मैच का आनंद लेने पहुंचे। मेजबान टीम ने प्रतियोगिता आयोजन वर्ष 1976 में विजेता का खिताब अपने नाम किया था इसके उपरांत 1991व 1992 में उपविजेता रही इस मैच में मेजबान टीम अपनी प्रतिष्ठा को पाने के लिए अपना दम खम लगाएगी। मैच देखने के लिए शहरी व ग्रामीण दर्शक बड़ी संख्या में आते हैं।

### मल्टी मीडिया प्रदर्शनी 20 से

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय-उदयपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पींएम श्री राजकीय फतह उमावि सूरज पोल उदयपुर के मैदान में विकसित भारत 2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी 20 से 24 जनवरी तक लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 जनवरी, सुबह 11बजे लोकसभा सदस्य सदस्य डॉ. मन्ना लाल रावत एव राज्यसभा सदस्य चुन्नी लाल गरासिया उदयपुर शहर विधायक तारा चंद जैन एवं उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा द्वारा किया जाएगा। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा साथ ही इसमें नयी पीढी में लोकप्रिय मोशन गेम, वर्चुअल रियलिटी का अनुभव देने वाले वीडियो, ऑनलाइन क्विज, 360 डिग्री वीडियो के साथ-साथ फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न फिटनेस उपकरण भी दर्शकों के प्रयोग के लिए लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा कैरीकेचर फोटो, रिंग लाइट फोटो आदि के माध्यम से दर्शकों को मनोरंजक और आकर्षक ढंग से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और भविष्य के प्रौद्योगिकी सम्पन्न भारत के दर्शन कराये जाएंगे। मीणा ने बताया कि प्रदर्शनी में ऑनलाइन क्विज के माध्यम से दर्शक यहां लगाए गए टैबलेट पर क्विज में भागीदार हो सकते हैं।

### ट्रक भिड़े, ड्राइवर की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर शिशोद के पास अचानक ट्रक में ब्रेक लगाने से पीछे चल रहा ट्रक टकरा गया। हादसे में ड्राइवर की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन शाम को डूंगरपुर पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बिछीवाडा थाना पुलिस के अनुसार आसिम पुत्र रोशन खान निवासी रामगढ जिला अलवर ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बुआ का बेटा खालिद पुत्र इशाक निवासी सिरसवाल तिंगावा मेवात हरियाणा की केरावन रोडवेज कंपनी में काम करता है। वह वापी गुजरात से ट्रक में सामान भरकर लुधियाना पंजाब जा रहा था। नेशनल हाईवे-48 पर शिशोद में चित्तौड होटल के सामने आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उसका ट्रक पीछे से टकरा गया। हादसे में ड्राइवर खालिद का सिर स्टेयरिंग से लगा और सिर में गंभीर चोंट आने से मौके पर ही मौत हुई है, वहीं शव केबिन के बीच फंस गया। घटना के बाद बिछीवाडा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को केबिन से बाहर निकालने के बाद डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पुलिस ने परिजनों का पता लगाते हुए सूचना दी। शाम को परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई। वहीं पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

### चालकों को फूल देकर किया जागरूक

**उदयपुर, (कासं)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, यातायात पुलिस, आधार फाउंडेशन, नेहरू युवा केंद्र उदयपुर एवं राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत शहर के देहली गेट चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने देहलीगेट चौराहे पर वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात उपाधीक्षक अशोक आंजना ने सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों के दायित्व बताते हुए यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिचितों सहित अन्य जनों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। यातायात निरीक्षक सुनील चारण ने सुरक्षित यातायात और नियम पालन की आवश्यकता को रेखांकित किया। आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी ने सामाजिक संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# नगरपरिषद के पांच कार्मिकों के स्थानांतरण से लोगों में हर्ष

- निर्माण स्वीकृति, पट्टा तथा अन्य कार्यों में कार्मिकों से जनता थी परेशान
- परिषद बोर्ड में भी इनके कारण आए दिन चल रही थी खटपट

**डूंगरपुर, (निसं)।** हाल ही में राज्य सरकार द्वारा किए गए स्थानांतरों के तहत नगरपरिषद डूंगरपुर में पांच कार्मिकों के स्थानांतरण ने जहां परिषद में खलबली मचा दी है। क्योंकि इन कार्मिकों के कारण आमजनता के निर्माण स्वीकृती भूखंडों के पट्टे सहित सभी अन्य कार्यों में आमजनता को इस कदर परेशान किया जाता था कि कईयों ने तो निर्माण स्वीकृती के फेर में मकानों का निर्माण कार्य भी प्रारंभ करने का मानस भी छोड़ दिया।

यहां तक कि भाजपा बोर्ड के पार्षद भी इन कार्मिकों के कारण असंतुष्ट थे और विद्रोह के स्वर भी सभापति के खिलाफ मुखर हो गए थे। ऐसे में पार्षदों की शिकायतों तथा संगठन की पहल के चलते राज्य के मुख्यमंत्री ने इस पूरी मामले को गंभीरता से लिया और परिषद में लंबे अरसे से जमे सभी कार्मिकों को स्थांतरित कर आमजनता को राहत दी। इसी के तहत जारी स्थानांतरण सूची में वरिष्ठ प्रारूपकार कल्पना पाटीदार आदेश की प्रतिक्षा में एपीओ करते हुए जयपुर भेजा गया। वही उप नगरनियोजक सचिन पंड्या को धौलपुर, सहायक लेखाधिकारी उन्नित जैन को देवगढ़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अमृत मीणा को सागवाड़ा, शाहिदा मालिक को बांसवाड़ा भेजा गया है। स्थानांतरण की सूची जारी होने के साथ ही परिषद महकमे में खलबली मची हुई है। क्योंकि अभी भी 3 से 4 कार्मिकों के नाम स्थानांतरण सूची में शेष है। उल्लेखनीय है कि परिषद में निर्माण स्वीकृती ओर भूखंडों के पट्टे बनाने के लिए कई नागरिकों को साल से डेढ़ साल तक इंतजार करना पड़ता था और वह भी कब मिल पाता था जन उनकी इच्छाओं को संबंधित व्यक्ति द्वारा पूरा किया जाता था। परिषद के सड़क निर्माण कार्य हो या पार्कों के रखरखाव हो, स्टोर संबंधित सभी कार्यों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है आलम तो यह है कि इन स्थाई कार्मिकों ने इसे सभी कार्यों के लिए संविदा कार्मिकों तथा कतिपय बिचौलियों को माध्यम बना रखा है और आमजनता मन मार कर अपने कार्य को पूरा करने के लिए उनकी मांगों को पूरा करती थी। कई बार बोर्ड की बैठकों में हंगामा भी हो चुका है लेकिन कार्मिकों के कानो पर जू नहीं रेंगती थी। इस बोर्ड को कार्यकाल में तीन साल से अधिक कांठोस शासन रहने के कारण सभापति और पार्षद को यह कार्मिक तवज्जो नहीं देते थे।


ऐसे में परिषद के पार्षदो में असंतोष के स्वर उभर कर सामने आए और एक बार तो बोर्ड बैठक में कोरम तक पूरा नहीं होने से बैठक तक स्थगित करनी पड़ी थी। यही नहीं सभापति की कार्यशैली को लेकर भी पार्षदों ने जयपुर भाजपा कार्यालय तक शिकायतों का अंबार लगा दिया था ऐसे में इन कार्मिकों के स्थानांतरण से न केवल शहर की आम जनता बल्कि परिषद के जनप्रतिनिधितो ने भी राहत की सांस लीं।

# कॉल गर्ल्स उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी के 6 सहयोगी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** फर्जी वेबसाइट से कॉल गर्ल्स उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने 6 सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं ठगी की राशि से खरीदा गया ट्रेक्टर भी जब्त कर लिया है।

ध्यान रहे कि गत 10 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में साइबर ठग नयन पाटीदार को गिरफ्तार कर उससे 19 लाख 60 हजार 800 रुपया नगद, 10 मोबाइल हैंडसेट, 14 सिम, 5 एटीएम कार्ड, एक पैनकार्ड, बैंक पासबुक व चौक बुक बरामद की थी। अनुसंधान के दौरान नयन पाटीदार द्वारा साइबर ठगी की राशि से खरिदा गया ट्रेक्टर भी जब्त किया गया था। नयन पाटीदार को बैंक अकाउंट एवं सिम कार्ड उपलब्ध करवाने व साइबर अपराध में लिप्त सहयोगी आरोपियों की धरपकड के

- ठगी की राशि से खरीदा ट्रेक्टर जब्त



पुलिस ने फर्जी वेबसाइट से कॉल गर्ल्स उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने के सहयोगी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

लिये पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों के ठिकाने पर दबिश देते हुए वीरेन्द्र पाटीदार निवासी मसोटिया थाना सदर, आतेशपुरी गोस्वामी निवासी मेतवाला थाना लोहारिया, कल्पेश, कल्पेश यादव, वैभव पुत्र चन्दूलाल कलाल तीनों निवासी छींछ थाना कलिंजरा तथा खगेश पुत्र पदमजी पाटीदार निवासी उपली मोरडी थाना घाटोल को गिरफ्तार कर लिया है। ध्यान रहे कि महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एससीआरबी एवं तकनीकि सेवाओं के आदेशानुसार साइबर अपराधों की रोकथाम एवं इन मामलों के त्वरित निस्तारण व साइबर जागरूकता के लिये साइबर शील्ड अभियान चलाया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के आदेशानुसार एएसपी राजेश भारद्वाज, पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट सुपरविजन में साइबर थाना, साइबर सेल व थाना कोतवाली की टीम कार्यवाही कर रही है। पुलिस टीम में पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी कोतवाली देवीलाल मीणा, उप निरीक्षक थानाधिकारी अरथुना प्रकाश चन्द्र, साइबर सैल सउनि प्रवीण सिंह, कानि. साइबर थाना महेन्द्र सिंह, प्रभुलाल मोहित जोशी व धीरज, थाना कोतवाली के कानि. अरविन्द, महिपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह, थाना कोतवाली हैड कानि. भूपेन्द्र सिंह व क्युआरटी टीम शामिल रही।

# पेसिफिक विवि के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक



फ्रीस्टाइल कुश्ती चेम्पियनशिप में पैसिफिक विवि के छात्र ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

**उदयपुर, (कासं)।** पंजाब के गुरु काशी विवि के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय फ्रीस्टाइल कुश्ती चेम्पियनशिप में पैसिफिक विवि के छात्र ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

पेसिफिक टीम के कोच चंद्रेश सोनी ने बताया कि 61 किलोग्राम भारवर्ग में अनुज विश्नोई ने फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश के खिलाडी को हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए पैसिफिक विवि के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विवि का नाम गौरवान्वित किया साथ ही विवि के रेहमान शेख ने 67 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों ही खिलाडियों ने आगामी खेलो इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता के लिए कॉलीफाई किया।

विवि पहुंचने पर स्वागत के साथ विवि के स्पोर्ट्स बोर्ड चेयरमैन प्रो. हेमंत कोठारी एवं फिजिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हेमन्त पण्ड्या एवं विवि के सभी संकाय के अधिकारीयों ने बधाइयां प्रेषित की एवं हर संभव खेल फैसेलिटी देने की घोषणा की।

## एक साल बाद हुआ भाई का भाई से मिलन

**उदयपुर, (कासं)।** अपना घर आश्रम उदयपुर ने शनिवार को एक वर्ष से बिछड़े दो भाइयो का मिलन करवाया।

बेदला स्थित अपना घर आश्रम उदयपुर की रेस्क्यू टीम द्वारा दिनांक 15 सितम्बर को प्रताप नगर चौराहे, उदयपुर से आश्रयहीन अवस्था में विक्रम उर्फ पिंटू भाई को रेस्क्यू कर आश्रम में सेवाए उपचार एवं पुनर्वास हेतु भर्ती किया गया था। आश्रम सचिव गोपाल कनेरिया ने बताया कि आश्रम में निरंतर चिकित्सा उपचार से विक्रम के स्वास्थ्य में सुधार हुआ। काउंसलिंग के दौरान विक्रम ने अपना मूल नाम पिंटू भाई तथा अपने घर का पता तुर्खा, बोटाज, गुजरात में होना बताया।

प्राप्त जानकारी के आधार पर आश्रम प्रभारी सुल्तान सिंह द्वारा गूगल मैप के माध्यम से वहां के लोगों के संपर्क नंबर निकालकर उनसे बातचीत करके विक्रम की फोटो व जानकारी भेजी। प्रयत्न सफल रहा और उनके परिजनों से संपर्क हुआ। उनको विक्रम के उदयपुर आश्रम में होने की जानकारी दी एवं विक्रम से बात भी कराई। जिस पर उनके भाई श्यामजीभाई कान्हाभाई एवं जमाई विठ्ठलभाई करसनभाई विक्रम उर्फ पिंटू भाई को लेने जाने के लिए अपना घर आश्रम उदयपुर में आए।

## हितेष को पीएचड़ी की उपाधि

**डूंगरपुर, (निसं)।** मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा जोगीवाडा निवासी हितेष कुमार सुथार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

हितेष ने राजस्थान में बहुआयामी गरीबी का विश्लेषणात्मक अध्ययन (अनुसूचित क्षेत्र के विशेष संदर्भ में) विषय पर डॉ. नेहा पालीवाल सहायक आचार्य के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

हितेष वर्तमान में श्री किशनलाल गर्ग राउमावि डूंगरपुर में अर्थशास्त्र व्याख्याता के रूप में कार्यरत है।

# जमीन का अधिकार देकर गरीब को बनाया आर्थिक रूप से सशक्त : टाक

**जयपुर/डूंगरपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से भारत के 10 राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों के 51411 राजस्व ठामों में कुल 58 लाख पटटे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कर लाभान्वित किया। इस दौरान उन्होंने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों से संवाद भी किया।


डूंगरपुर जिले का जिलास्तरीय कार्यक्रम पंचायत समिति सागवाडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यादे माटी कला बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक व राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया थे। इस मौके पर प्रहलाद राय टाक ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रथम कार्यकाल से ही गांव को विकास का केंद्र बिंदु मानकर महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। उन्होंने उज्जवला योजना, जन धन योजना, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाया है।

इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता भी बढी है और आज स्वामित्व योजना के माध्यम से गरीब एवं वंचित व्यक्ति को भी उसकी जमीन का अधिकार देकर उसे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। उन्होंने इस योजना हेतु प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक सागवाड़ा शंकरलाल डेचा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, प्रधान सागवाड़ा ईश्वर सरपोटा, उप प्रधान नरेश पाटीदार मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से पटटे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण किया गया।

# विद्यापीठ में चिकित्सा शिविर 350 मरीजों ने लिया लाभ

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से शनिवार को देहलीगेट स्थित श्रमजीवी महाविद्यालय ओपीडी में आयोजित विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, ख्यातनाम आर्किटेक्ट रणु गोपाल ने किया।

प्राचार्य डॉ. शैलन्द्र मेहता ने बताया कि आयोजित शिविर में 300 से अधिक रोगियों की जांच की गई। 150 रोगियों की शुगर एवं 75 रोगियों थायराइड की निशुल्क जांच की गई। शिविर में ओपीडी प्रभारी डॉ. आरूषी टंडन, डॉ. विनोद नायर सहित लेब प्रभारियों ने अपनी सेवाएं दी। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रति माह शिविर का आयोजन किया जायेगा। हड्डीयों से सम्बंधित रोगी नियमित रूप से ओपीडी में अपना इलाज करा सकेंगे। इसके अलावा गर्दन दर्द, कमर दर्द, लकवा, गठिया, स्लीप डिस्क फ्रोजन शोल्डर, घुटने व कुल्डे के जोडे प्रत्यारोपण के बाद व्यायाम, स्पोर्ट्स इंजरी, जोडो का दर्द, फ्रैक्चर के उपरांत



विद्यापीठ में चिकित्सा शिविर का शुभारंभ कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने किया।

चिकित्सा, मोटापा आदि हड्डीयों से सम्बंधित रोगों का निशुल्क परामर्श एवं इलाज किया गया। इस अवसर पर प्रो. मलय पानेरी, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. दिलिप सिंह चौहान, भगवती लाल सोनी, निजी सचिव के.के. कुमावत, डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. शाहिद कुरैशी, आशीष नंदवाना, डॉ. प्रियंका, डॉ. पंकज रावल, उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए छ- दिवसीय कार्यानुभव ग्रामीण जागरूकता अभिविन्यास 13 से 18 तक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, म. प्र. कृ. प्रौ. विवि एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. के. शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक, आईसीएआर, नई दिल्ली थे । मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, म. प्र. कृ. प्रौ. विवि ने अंतिम वर्ष के छात्रों को कृषक परिवारों के साथ कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया और उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती विषय को पहली बार रावे प्रोग्राम में लिया गया है। विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा कृषि एवं संबंधित विषयों पर उन्नत तकनीकियाँ विकसित की गई है इन्हें कृषक परिवारों के घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. के शर्मा द्वारा जैव विविधता संरक्षण और टिकाऊ फसल उत्पादन चक्र के लिए प्राकृतिक खेती पर विशेष वार्ता रखी गई । जिसमें उन्होंने छात्रों को प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के अंतर को समझाया और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती के फायदे बताएं। उन्होंने कहा कि कम खर्च में किसान मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। प्राकृतिक खेती को केरियर के रूप अपनाने हेतु छात्रों को प्रेरित किया 7 स्वागत उद्बोधन डॉ. धृति सोलंकी, अधिष्ठाता सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय किया गया । डॉ. धृति सोलंकी, अधिष्ठाता ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्रों में 10 सप्ताह का कार्यानुभव ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया जाता है। इस बार अंतिम वर्ष के छात्र चितौडगढ एवं वल्लभनगर में जायेगे । जहां वे किसान परिवारों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे एवं कृषि तकनीकियों को किसानों तक पहुंचाएंगे और किसानों के अनुभवों को स्वयं भी अर्जित करेंगे। विगत पांच दिन से डॉ. लतिका व्यास, प्रोफेसर प्रसार शिक्षा निदेशालय के मार्गदर्शन में छात्र कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कार्य की रुपरेखा के बारे में जानकारी ले रहे है। कार्यक्रम में आर. एल सोनी, निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. आर. ए. कौशिक, निर्देशन आवासीय निर्देशन, डॉ वीरेंद्र नेपालीया, विशेषाधिकारी, डॉ. रेखा व्यास, एमेरिट्स वैज्ञानिक और सभी विभागाध्यक्ष डॉ. हेमू राठौर, डॉ. सुमन औदिच्य, डॉ. राजश्री उपाध्याय, डॉ. रेणु मोगरा, डॉ. विशाखा सिंह उपस्थित थे।

### अब घर-घर पहुंचेगा सरस दूध

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 के तहत शुद्ध, स्वच्छ, स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक दूध उपभोक्ताओं के घर होम डिलीवरी करने के उददेश्य से राज्य भर मे 1000 सरस मित्र बनाने की घोषणा की गई। इसकी अनुपालना में उदयपुर डेयरी द्वारा सरस दूध एवं दुग्ध पदार्थों की आसानी से होम डिलीवरी करने हेतु 30 सरस मित्र बनाकर शहर के उपभोक्ताओं के घर सरस दूध एवं दुग्ध उत्पाद पहुंचाने का शुभारंभ दुग्ध संघ उदयपुर के अध्यक्ष डालचंद डांगी ने 30 सरस मित्रों को झंडी दिखाकर किया। दूध एवं दुग्ध दुग्ध पदाथी की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु सरस डेयरी की ओर से सरस मित्रों को एक-एक इंसुलेटेड बॉक्स उपलब्ध कराये गये। प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने सरस दूध एवं सरस दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, पौष्टिकता एवं स्वच्छता के बारे मे अवगत कराया। उन्होनें बताया बाजार मे सरस दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए संघ द्वारा उपभोक्ताओं को उनके घरों तक सरस दूध पहुंचाने के लिये यह योजना प्रारंभ की गई है। इससे उपभोक्ताओं सुगमतापूर्वक उनको अपने घर पर ही सरस दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

### कौशल एवं दक्षता प्रदर्शनी का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापनगर में आयोजित व्यावसायिक कौशल एवं दक्षता प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हुआ। प्रदर्शनी में प्रशिक्षणार्थियों ने व्यवसाय विशेष में अर्जित कौशल, दक्षता का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अतिथि स्टेट बैंक इंडिया के मुख्य प्रबंधक नवल किशोर मीणा एवं सदस्य गजेन्द्र सिंह, मोहित सक्सेना ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संस्थान के उपनिदेशक कृष्ण गोपाल पानेरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 100 मी. दौड, चार्ट, मॉडल, रंगोली, नृत्य, मेहदीं, स्पीच, कैरम, खो-खो, वॉलीवाल, क्रिकेट, बैडमिंटन, रस्सा कस्सी एवं चेयर रेस。 इत्यादि प्रतियोगिताएं के विजेताओं को मोमेंटो एंव प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रतियोगिता की जनरल चैंपियनशिप मशीनिस्ट व्यवसाय ने हासिल की। समूह अनुदेशक संजय शर्मा, एम.पी. माथुर, श्रीमती निशा थामस व समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।

## तैयारियों की समीक्षा की

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने कहा कि उदयपुर को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह की मेजबानी मिलना गर्व का विषय है। इस आयोजन को गरिमापूर्ण रूप से सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जाए, कि आने वाले वर्षों में उदयपुर मॉडल को याद किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी दायित्व कानिष्ठा के साथ निर्वहन करे। जिला कलक्टर शनिवार को जिला परिषद सभागार में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिस तरह चुनाव में जीरो एर का लक्ष्य रखकर काम किया जाता है, उसी तरह इस आयोजन के लिए भी माइक्रो प्लानिंग करते हुए काम करने की आवश्यकता है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन अपने आप में महत्वपूर्ण है।

(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 (2) के अधीन नोटिस

**नोटिस**

पत्रावली संख्या:-185/2024/उदयपुर/5422
दिनांक- 19/12/24

वास्ते:-
मावली गौशाला एवं गौ सेवा ट्रस्ट,
ग्राम एवं तहसील मावली, जिला उदयपुर

मावली गौशाला एवं गौ सेवा ट्रस्ट, उदयपुर पंजीयन क्रमांक 06/ देव/उदय/2022 हेतु श्री गोपाल जाट अध्यक्ष द्वारा ट्रस्ट की बैठक दिनांक 18.06.2023 की पालना में प्रन्यास के प्रन्यासी परिवर्तन बाबत् राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-23 नियम 22 में आवेदन पेश किया गया है।

अत: एव धारा 23 कि प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे, इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30(तीस) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। आगामी पेशी तारीख 5/2/25 की रखी गयी है।

यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

Visit us: www.mpuat.ac.in MailID:zdr_arsb@yahoo.com Mo.No.8112207969,9414389929

**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय)

दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001

क्रमांक : एफ( )/कृअके/स्टोर/2025/02-04 दिनांक : 10.01.2025

**निविदा सूचना (वर्ष 2024-2025 हेतु)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के लिए निम्नलिखित कार्य करने हेतु अल्पकालीन निविदायें बंद लिफाफो में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 27/01/2025 को दोपहर 01.00 बजे तक है तथा निविदायें उसी दिन निविदादाता के समक्ष दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधित जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय समय में आकर प्राप्त कर सकते है।

| S.N. | Name of Items | Cost in Rs. |
|---|---|---|
| 1. | M.S. Sheet Colour Coated, Thickness Of Sheet 50 MM (Size: 20x4 feet), Company : TATA | Rs............ Per Sheet |
| 2. | M.S. Sheet Colour Coated, Thickness Of Sheet 45 MM (Size : 20x4 feet), Company: TATA | Rs............ Per Sheet |
| 3. | M.S. V Sheet Colour Coated, Thickness Of Sheet: 50 MM (Size : 55x1.5) , Company : TATA | Rs............ Per Running Ft. |
| 4. | M.S. V Sheet Colour Coated, Thickness Of Sheet : 45 MM (Size: 55x1.5) ,Company : TATA | Rs............ Per Running Ft. |
| 5. | M.S. V Sheet Coiour Coated, Thickness Of Sheet: 45 MM (Size: 55x2) ,Company:TATA | Rs............ Per Running Ft. |
| 6. | M.S. V Sheet Colour Coated, Thickness Of Sheet: 50 MM (Size: 55x2) , Company : TATA | Rs............ Per Running Ft. |
| 7. | M.S. Square Pipe Size : 4x4 inch,Company: TATA | Rs.....Per Kg. |
| 8. | M.S. Square Pipe Size : 4x2 inch, Company : TATA | Rs.....Per Kg. |
| 9. | M.S. Square Pipe Size : 2x2 inch,Company: TATA | Rs.....Per Kg. |
| 10. | M.S.Angles (4 & 5 inch) | Rs.....Per Kg. |
| 11. | Hex Head Self Drilling Screw Size: 2 inch | Rs..Per Pic/per Kg |
| 12. | Aluminium turbo Exhaust Fan Size : Medium | Rs......Per Fan |
| 13. | उक्त सामग्री को बोरवट फार्म पर पहुंचाने का वाहन किराया व भराई-खाली कराई की राशि | Rs............. |

**नियम एवं निर्देश:**
- कृपया लिफाफे पर निविदा एवं दिनांक अवश्य लिखें। वाणिज्य कर विभाग का GST No. अवश्य अंकित करें साथ ही उक्त सामग्री पर लगने वाले GST का स्पष्ट उल्लेख करे।
- निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा लेटर पेड की छायाप्रति पर मान्य नहीं होगें एवं निविदाता को हस्ताक्षर के पश्चात उपयुक्त मोहर लगाना आवश्यक होगा।
- भुगतान कार्य सामग्री सप्लाई होने के एक माह बाद चैक द्वारा किया जावेगा।
- उपरोक्त निविदा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुसार 31 मार्च 2025 तक मान्य होगी।
- अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

**संभागीय निदेशक अनुसंधान**